# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

(वेबसाइट– www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)


पत्रांकः– 212 /गोपन(परीक्षा)/2025–26 दिनांकः 01 अगस्त, 2025

## संवाद

आयोग द्वारा जनपदीय पुलिस आरक्षी (पुरूष) एवं आरक्षी, पीएसी/आईआरबी के पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 03 अगस्त, 2025 राज्य के समस्त 13 जनपदों के 105 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है।

अवगत कराना है कि लिखित परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा राज्य के समस्त 13 जनपदों के 17 परीक्षण केन्द्रों में संचालित की गयी थी। उक्त शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में अर्ह रहे अभ्यर्थियों की अनुक्रमांक सूची व अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 30 जुलाई, 2025 को आयोग की बेवसाइट पर जारी किये गये है, अर्ह अभ्यर्थियों की सूची में से आज दिनांक 01.08. 2025 समय सांय 6:00 तक लगभग 28784 अभ्यर्थियों ने अपने लिखित परीक्षा का प्रवेश–पत्र आयोग की बेवसाइट से डाउनलोड कर लिए है, अन्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपना प्रवेश–पत्र समय से आयोग की बेवसाइट **www.sssc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर लें।

2. सूच्य है कि लिखित परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा संचालित की गयी जिसमें अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति ली गयी थी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में अर्ह रहे अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है, जिसमें अभ्यर्थियों की पुनः बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जायेगी, यदि किसी भी अभ्यर्थी की बायोमैट्रिक उपस्थिति शारीरिक दक्षता परीक्षा में ली गयी बायोमैट्रिक उपस्थिति से मिलान न होने पर जांचोपरांत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा सकती है।

3. लिखित परीक्षा से पूर्व परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी आयोग स्तर से की जा चुकी है, आयोग द्वारा मा0 अध्यक्ष की अध्यक्षता में समस्त जनपदों के नोडल अधिकारी(परीक्षा)/नोडल अधिकारी(पुलिस)/मुख्य कोषाधिकारी/मुख्य शिक्षाधिकारी/सेक्टर मजिस्ट्रेट/पर्यवेक्षक/केन्द्र व्यवस्थापक एवं अन्य अधिकारियों के साथ ऑनलाईन बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा की समस्त तैयारियां आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप से पूर्ण कर ली गयी है।

लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु आयोग की ओर से अग्रिम शुभकामनाएं।

01.08.2025

**(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)**
सचिव।